दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी लेंगी।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां अब से थोड़ी देर बाद पटना के गांधी मैदान में झंडोत्तोलन करेंगे। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी गणतंत्र दिवस समारोह का हो रहा है आयोजन।

03. बिहार की तीन विभूतियों भरत सिंह भारती, विश्व बंधु और गोपाल जी त्रिवेदी को पद्मश्री दिये जाने की घोषणा।

04. और, पुलिस महानिदेशक, अभियान कुंदन कृष्णन समेत राज्य के बाईस पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक से किया जाएगा सम्मानित।

---

राष्ट्र आज अपना सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन करेंगी और परेड की सलामी लेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गणतंत्र दिवस परेड सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी।

–––रिपोर्ट–––

गणतंत्र दिवस परेड भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का अनोखा संगम प्रदर्शित करेगी। इस वर्ष परेड़ की थीम दृ 'स्वतंत्रता का मंत्र रू वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्ररू आत्मनिर्भर भारत' है। परेड की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कर्तव्य पथ पर पहुंचेंगी और उन्हें औपचारिक मार्च पास्ट के दौरान सलामी दी जाएगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन इस वर्ष परेड में मुख्य अतिथि होंगी। परेड में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों की कुल तीस झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। प्रिया और रिशु के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में बिहार की झांकी की थीम है– **मखाना, लोकल से ग्लोबल की थाली में, सुपर फूड।** झांकी में मखाना की खेती, उसके प्रसंस्करण और उसके पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया को दर्शाया गया है। इधर, समारोह में बिहार के ग्यारह जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इनमें से पांच महिला मुखिया भी शामिल हैं।

---

गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया जायेगा, जहां अब से थोड़ी

देर बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां झंडात्तोलन करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

पटना में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में बारह विभागों की ओर से झांकियां प्रदर्शित की जायेंगी, जिनमें बढ़ते बिहार की तस्वीर दिखाई जायेगी। परेड में पुलिस अर्धसैनिक और सेना की इक्कीस टुकड़ियां भाग लेंगी। गांधी मैदान और आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। गांधी मैदान को चार जोन में बांटकर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरों की मदद से गांधी मैदान और आस–पास के क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। गणतंत्र दिवस को देखते हुए पटना में कई मार्गों पर आवागमन व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि गणतंत्र दिवस को लेकर उत्सव का माहौल है।

---

केंद्र सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली बिहार की तीन समेत देश की एक सौ इकतीस हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। इसमें पांच पद्म विभूषण, तेरह पद्म भूषण और एक सौ तेरह पद्म श्री शामिल हैं। इनमें उन्नीस महिलाओं सहित सोलह लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इस वर्ष बिहार की तीन हस्तियों को पद्म श्री दिए जाने की घोषणा की गई है। लोक गायक भरत सिंह भारती और लोक नर्तक विश्व बंधु को कला तथा कृषि तकनीक विशेषज्ञ गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और अभियांत्रिकी के क्षेत्र में पद्मश्री देने की घोषणा की गई है। भोजपुर जिले के भरत सिंह भारती पिछले अठहत्तर वर्षों से भोजपुरी गायन में सक्रिय हैं। वे आकाशवाणी पटना से भी जुड़े हैं। उन्होंने पवरिया, सोहर, डोमकच, कजरी, भजन और बिरहा जैसी लोक विधाओं को संरक्षित किया है।

---

वहीं, पटना के विश्व बंधु को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वे बिहार के लोक नृत्य के स्तंभ माने जाते हैं। विश्व बंधु द्वारा स्थापित संस्था–सुरांगन के संरक्षक जितेन्द्र कुमार चौरसिया ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि विश्व बंधु ने बिहार के परंपरागत लोकनृत्य को आधुनिक और रचनात्मक स्वरूप दिया तथा उसे अंतरराष्ट्री मंच पर पहचान दिलाई।

———बाइट———

मुजफ्फरपुर के रहने वाले गोपाल जी त्रिवेदी पेशे से कृषि वैज्ञानिक और लीची किसान हैं। उन्होंने लीची के बागानों में नई तकनीक से छंटाई और देखभाल की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने किसानों को मखाना और सिंघाड़े की खेती के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

बिहार के बाईस पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाले अधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें तीन को वीरता पदक, दो को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सत्रह को सराहनीय सेवा पदक मिलेगा। पुलिस महानिदेशक, अभियान कुंदन कृष्णन, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक अर्जुन लाल और दरोगा जितेंद्र सिंह को वीरता पदक दिए जाने की घोषणा की गई है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक उमेश लाल रजक और एएसआई नवरत्न कुमार को विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सीआईडी के आईजी दलजीत सिंह, एआईजी मानवाधिकार राजीव रंजन और निगरानी के डीआईजी अजय पांडेय समेत सत्रह पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बिहार के दो सीबीआई अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। इनमें सीबीआई पटना में तैनात डीएसपी रूबी चौधरी और हेड कांस्टेबल भोला राय शामिल हैं।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के आर्थिक भविष्य को आकार देने की यात्रा में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी, मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। सतत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत, लगातार आर्थिक विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने जीएसटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के सरकार के फैसले की सराहना की।

———बाइट———

स्वाधीनता के बाद देश के आर्थिक एकीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण और निर्णय जीएसटी को लागू करने से 'वन नेशन, वन मार्केट' की व्यवस्था स्थापित हुई है। जीएसटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के हाल ही के निर्णय से हमारी अर्थव्यवस्था को और अधिक शक्ति मिलेगी। श्रम सुधार के क्षेत्र में चार लेबर कोर्स जारी किए गए हैं। इससे हमारे श्रमिक भाई–बहन लाभांवित होंगे तथा उद्यमों के विकास को भी गति मिलेगी।

राष्ट्रपति ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने तथा भारत को और अधिक गौरवशाली बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के जरिए किये गए सटीक हमलों से आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करने की देश की उपलब्धि का भी उल्लेख किया।

———बाइट———

पिछले वर्ष हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को ध्वस्त किया गया तथा बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। सुरक्षा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता से ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को शक्ति मिली।

राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि देश की युवा शक्ति दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाएं देश के समग्र विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।

---

बिहार पुलिस भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा के नाम पर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पटना सिटी एसपी–पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई  है। इधर, पटना के बेऊर थाना क्षेत्र से पुलिस ने फर्जी आधार और जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने भूमि विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई है।

---

बांका नगर थाना क्षेत्र के लकड़ी कोला गांव में बालू माफिया ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले में एक हवलदार घायल हो गए। इस मामले में तीन नामजद समेत पच्चीस अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के शांति नदी पुल के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में सगे भाई–बहन की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

पश्चिम चंपारण के इनरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खम्हिया गांव स्थित एक ईट भट्ठा के पास से पुलिस ने लगभग तिरेपन किलो गांजा और तीस लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पद्म पुरस्कारों और वीरता पुरस्कारों की घोषणा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है बिहार के गोपाल जी त्रिवेदी भरत सिंह और विश्व बंधु को पद्म श्री।

दैनिक जागरण की सुर्खी है गणतंत्र दिवस पर बिहार के बहादुर पुलिस अफसर को तीन गैलंट्री समेत बाइस पदक।

दैनिक भास्कर ने लिखा है तेजस्वी के राजद कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर लालू फैमिली में बवाल। रोहिणी बोली – कठपुतली शहजादा की ताजपोशी, तेजस्वी बोले एक रहें।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राज्य के ग्यारह जनप्रतिनिधि दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में होंगे शामिल।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली के निधन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्र आज सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी लेंगी।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पटना के गांधी मैदान में किया झंडोत्तोलन। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भी गणतंत्र दिवस समारोह का हो रहा है आयोजन।

03. बिहार की तीन विभूतियों भरत सिंह भारती, विश्व बंधु और गोपाल जी त्रिवेदी को पद्‌मश्री दिये जाने की घोषणा।

04. और, पुलिस महानिदेशक, अभियान कुंदन कृष्णन समेत राज्य के बाईस पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक से किया जाएगा सम्मानित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।